Prepp
Your Personal Exams Guide

रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०८ /२०२४ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 08/2024- Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

| | |
|---|---|
| Test Date | 27/12/2025 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Science**

**Q.1** शुष्क HCl गैस, शुष्क लिटमस पेपर का रंग परिवर्तित क्यों नहीं करती है, लेकिन जलीय HCl परिवर्तित करती है, का निम्नलिखित में से किस कथन में सटीक रूप से वर्णन किया गया है?

**Ans**
- ✗ A. लिटमस पेपर केवल प्रकाश की उपस्थिति में कार्य करता है।
- ✗ B. शुष्क HCl गैस अम्लीय नहीं होती।
- ✓ C. HCl केवल जल में विलीन होने पर $H^+$ आयन मुक्त करता है।
- ✗ D. जल लिटमस के साथ अभिक्रिया करता है, HCl के साथ नहीं।

**Q.2** मनुष्यों में, माता-पिता में से कौन बच्चे का लिंग निर्धारित करता है?

**Ans**
- ✗ A. दोनों समान रूप से
- ✗ B. बच्चे की अपनी पसंद
- ✗ C. माता
- ✓ D. पिता

**Q.3** धातुओं के निष्कर्षण के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?
a. उच्च अभिक्रियाशीलता श्रेणी में आने वाली धातुओं को पिघले हुए अयस्क के विद्युत अपघटन द्वारा निष्कर्षित किया जाता है।
b. मध्यम अभिक्रियाशीलता श्रेणी की धातुएँ प्रकृति में सल्फाइड और कार्बोनेट के रूप में पाई जाती हैं।
c. ऑक्साइड की तुलना में सल्फाइड से धातु निष्कर्षित करना आसान होता है।

**Ans**
- ✓ A. केवल a और b
- ✗ B. केवल b और c
- ✗ C. सभी a, b और c
- ✗ D. केवल a और c

**Q.4** निम्नलिखित में से कौन-सा सिद्धांत पर्यावरण पर दबाव को कम करने और संधारणीय जीवन को बढ़ावा देने में सहायता करता है?

**Ans**
- ✗ A. अधिक उत्पादन करें और अधिक उपभोग करें (Produce more and consume more)
- ✗ B. उपयोग करें और त्याग करें (Use and discard)
- ✗ C. जितना संभव हो उतना निष्कर्षित करें (Extract as much as possible)
- ✓ D. कम उपयोग, पुन:उपयोग और पुनःचक्रण (Reduce, Reuse, and Recycle)

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.5 निम्नलिखित में से कौन-सा जनन प्रकार यह सुनिश्चित करता है, कि जंतुओं में दोनों जनक (parents) के गुण संतानों को वंशागति में प्राप्त होते हैं?

Ans
- ✗ A. क्लोनिंग (Cloning)
- ✗ B. मुकुलन (Budding)
- ✗ C. द्वि खंडन (Binary fission)
- ✓ D. लैंगिक जनन (Sexual reproduction)

Q.6 एक गेंद को 5 cm लंबे एक आनत चिकने तल के शीर्ष से विरामावस्था से छोड़ा जाता है। तली पर पहुँचने के बाद यह चिकनी सतह पर क्षैतिज दिशा में गति करती है। यह क्षैतिज दिशा में कितनी दूरी तय करेगी? (घर्षण बलों की उपेक्षा करें क्योंकि तल और सतह दोनों चिकने हैं)

Ans
- ✗ A. 2.5 cm
- ✗ B. 5 cm
- ✓ C. अनंत
- ✗ D. 0 cm

Q.7 यदि दो वस्तुओं के बीच की दूरी दोगुनी कर दी जाए तथा शेष सब कुछ एक समान रहे, तो उनके बीच गुरुत्वाकर्षण बल पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

Ans
- ✗ A. बल आधा हो जाएगा
- ✗ B. बल चार गुना हो जाएगा
- ✓ C. बल एक-चौथाई हो जाएगा
- ✗ D. बल दोगुना हो जाएगा

Q.8 मानव मस्तिष्क का कौन-सा भाग, किसी व्यक्ति की सोचने और सीखने की क्षमताओं को नियंत्रित करता है?

Ans
- ✗ A. अनुमस्तिष्क (Cerebellum)
- ✓ B. प्रमस्तिष्क (Cerebrum)
- ✗ C. मेडुला (Medulla)
- ✗ D. हाइपोथैलेमस (Hypothalamus)

Q.9 पशुओं में उपकला ऊतक का मुख्य कार्य क्या है?

Ans
- ✓ A. यह शरीर के अंगों और गुहाओं को ढकता है और उनकी रक्षा करता है।
- ✗ B. यह शारीरिक संचलन के लिए मांसपेशियों और हड्डियों को जोड़ता है।
- ✗ C. यह अंगों को यांत्रिक सहायता और आकार प्रदान करता है।
- ✗ D. यह पूरे शरीर में गैसों और हार्मोनों का परिवहन करता है।

Q.10 यदि एक इलेक्ट्रिक हीटर 1000 W बिजली की खपत करता है, तो यह 1 घंटे में कितनी विद्युत ऊर्जा का उपयोग करेगा?

Ans
- ✓ A. 1 kWh
- ✗ B. 1000 kWh
- ✗ C. 1000 J
- ✗ D. 3600 J

Q.11 किसी पिंड पर कार्यरत नियत बल द्वारा किए गए कार्य के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(i) बल द्वारा किया गया कार्य कभी भी शून्य नहीं हो सकता।
(ii) यदि पिंड पर बल और इसके विस्थापन की दिशा समान है, तो किया गया कार्य धनात्मक होगा।
(iii) किए गए कार्य का S.I. मात्रक जूल है।

Ans
- ✗ A. (i) और (iii) दोनों
- ✗ B. केवल (i)
- ✗ C. केवल (ii)
- ✓ D. (ii) और (iii) दोनों

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.12** निम्नलिखित में से कौन-सा प्रतीक रिओस्टेट को निरूपित करता है?

**Ans**
- ✗ A. एक वृत्त के अंदर एक 'A'
- ✔ B. एक टेढ़ी-मेढ़ी रेखा जिस पर एक तीर खींचा गया है।
- ✗ C. एक वृत्त जिसके अन्दर एक 'V' अक्षर है।
- ✗ D. एक टेढ़ी-मेढ़ी रेखा।

**Q.13** ऐल्केन वाली प्रतिस्थापन अभिक्रिया में, ऐल्केन अणु के हाइड्रोजन परमाणुओं का क्या होता है?

**Ans**
- ✗ A. द्वि-आबंध बनाने के लिए इन्हें पूरी तरह से हटा दिया जाता है।
- ✔ B. उन्हें अन्य परमाणुओं या परमाणुओं के समूहों द्वारा प्रतिस्थापित किया जाता है।
- ✗ C. ये ऑक्सीजन के साथ अभिक्रिया करके जल बनाते हैं।
- ✗ D. इन्हें अणु में जोड़कर एक बड़ी श्रृंखला बनाई जाती है।

**Q.14** जब वस्तु को दर्पण से 40 cm की दूरी पर रखा जाता है तब उत्तल दर्पण से 30 cm की दूरी पर एक प्रतिबिंब बनता है। दर्पण द्वारा उत्पन्न आवर्धन _______ होगा।

**Ans**
- ✗ A. +4/3
- ✗ B. −4/3
- ✗ C. −3/4
- ✔ D. +3/4

**Q.15** ध्वनि तरंग की प्रबलता और मृदुता के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(i) प्रबल ध्वनि का आयाम मृदु ध्वनि की तुलना में कम होता है।
(ii) प्रबल ध्वनि में मृदु ध्वनि की तुलना में अधिक ऊर्जा होती है।
(iii) ध्वनि तरंग की प्रबलता, ध्वनि के प्रति कान की संवेदनशीलता की माप है।

**Ans**
- ✔ A. (ii) और (iii) दोनों
- ✗ B. केवल (i)
- ✗ C. (i) और (ii) दोनों
- ✗ D. केवल (iii)

**Q.16** निम्नलिखित में से कौन-सा, कोलॉइडी विलयन का उदाहरण नहीं है?

**Ans**
- ✗ A. धुआँ
- ✗ B. कुहासा
- ✗ C. दूध
- ✔ D. वायु

**Q.17** वाक्यांश "बनने वाली DNA प्रतिकृतियाँ एकसमान तो होंगी, परंतु मौलिक DNA के समरूप नहीं होंगी" का क्या अर्थ है?

**Ans**
- ✔ A. DNA प्रतिकृतियों में थोड़ा अंतर हो सकता है।
- ✗ B. प्रत्येक DNA प्रतिकृति पूरी तरह से असंबंधित होती है।
- ✗ C. सभी DNA प्रतिकृतियाँ समरूप क्लोन हैं।
- ✗ D. प्रतिकृति बनने के बाद मौलिक DNA नष्ट हो जाता है।

**Q.18** निम्नलिखित में से कौन-सी स्थिति संतुलित बल को निरूपित करती है?

**Ans**
- ✗ A. गुरुत्वाकर्षण के प्रभाव में स्वतंत्र रूप से गिरती हुई गेंद।
- ✗ B. एक व्यक्ति साइकिल से पहाड़ी पर जा रहा है।
- ✔ C. दो व्यक्ति एक डिब्बे को विपरीत दिशाओं से समान बल से धक्का देते हैं।
- ✗ D. ब्रेक लगाने पर एक चलती कार रुक जाती है।

Prepp Your Personal Exam Guide

| | |
|---|---|
| Q.19 | निम्नलिखित में से कौन-सा कथन पादप और जंतु कोशिकाओं में रिक्तिकाओं की सही तुलना करता है? |
| Ans | ✗ A. पादप और जंतु कोशिकाओं दोनों में समान आकार के रिक्तिकाएँ होती हैं |
| | ✗ B. रिक्तिकाएँ पादप और जंतु दोनों कोशिकाओं में अनुपस्थित होती हैं |
| | ✗ C. जंतु कोशिकाओं में पादप कोशिकाओं की तुलना में बड़ी रिक्तिकाएँ होती हैं |
| | ✓ D. पादप कोशिकाओं में बड़ी रिक्तिकाएँ होती हैं, जबकि जंतु कोशिकाओं में छोटी रिक्तिकाएँ होती हैं |

Prepp
Your Personal Exams Guide

| | |
|---|---|
| Q.20 | चिकित्सक हमारी हृद्स्पंद _____ नामक उपकरण की सहायता से अनुभव करते हैं। |
| Ans | ✓ A. स्टेथोस्कोप |
| | ✗ B. माइक्रोस्कोप |
| | ✗ C. रिफ्लेक्स हैमर |
| | ✗ D. रेडियोग्राफी |

| | |
|---|---|
| Q.21 | जब प्रकाश की एक समान्तर किरण उत्तल लेंस से होकर गुजरती है, तो अपवर्तन के बाद यह___________ । |
| Ans | ✗ A. अक्ष से दूर अपसारित हो जाती है |
| | ✗ B. अनंत पर एक आभासी छवि बनाता है |
| | ✗ C. बिना विचलित हुए गुजर जाती है |
| | ✓ D. मुख्य अक्ष पर एक बिंदु पर अभिसरित हो जाती है |

| | |
|---|---|
| Q.22 | निम्नलिखित में से कौन-सा गुणधर्म यौगिकों से संबंधित नहीं है? |
| Ans | ✗ A. प्रत्येक नए पदार्थ का संघटन सदैव स्थिर होता है। |
| | ✓ B. घटकों को भौतिक विधियों द्वारा सुगमता से पृथक किया जा सकता है। |
| | ✗ C. तत्व अभिक्रिया करके नए यौगिकों का निर्माण करते हैं। |
| | ✗ D. नए पदार्थ के गुणधर्म बिल्कुल भिन्न होते हैं। |

| | |
|---|---|
| Q.23 | एल्युमीनियम ऐनोडीकरण (anodising) का प्राथमिक उद्देश्य क्या है? |
| Ans | ✓ A. इसका संक्षारण प्रतिरोध और दिखावट (appearance) को बढ़ाना |
| | ✗ B. अम्लों के साथ इसकी अभिक्रियाशीलता बढ़ाना |
| | ✗ C. इसे नरम और अधिक लचीला बनाना |
| | ✗ D. इसे बेहतर चालक बनाना |

| | |
|---|---|
| Q.24 | परमाणुओं के आकार के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है? |
| Ans | ✗ A. सभी परमाणुओं का आकार एक समान होता है। |
| | ✓ B. परमाणुओं का आकार नैनोमीटर की रेंज में होता है। |
| | ✗ C. परमाणु, अणुओं से बड़े होते हैं। |
| | ✗ D. परमाणुओं को साधारण सूक्ष्मदर्शी से देखा जा सकता है। |

| | |
|---|---|
| Q.25 | सहसंयोजक बंध किसके द्वारा बनते हैं? |
| Ans | ✗ A. न्यूट्रॉनों की हानि |
| | ✗ B. इलेक्ट्रॉनों का स्थानांतरण |
| | ✓ C. इलेक्ट्रॉनों का साझाकरण |
| | ✗ D. प्रोटॉनों की लब्धि |

Section : **Mathematics**

| | |
|---|---|
| Q.26 | 2%, 8% और 15% की तीन क्रमागत छूटों के बराबर एकल छूट (लगभग) ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ A. 26.77% |
| | ✓ B. 23.36% |
| | ✗ C. 22.86% |
| | ✗ D. 22.89% |

Q.27 यदि 50 और Z का तृतीयानुपाती 18 है, तो Z का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 27
- ✓ B. 30
- ✗ C. 31
- ✗ D. 28

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.28 एक टैंक को पाइप A द्वारा 9 घंटे में और पाइप B द्वारा 12 घंटे में भरा जा सकता है। पाइप C टैंक को 18 घंटे में खाली कर सकता है। तीनों पाइप एक साथ खोले जाते हैं, लेकिन पाइप C को 4 घंटे बाद बंद कर दिया जाता है। टैंक को पूरी तरह से भरने में कुल कितना समय लगेगा?

Ans
- ✓ A. $\frac{44}{7}$ घंटे
- ✗ B. $\frac{100}{11}$ घंटे
- ✗ C. $\frac{22}{3}$ घंटे
- ✗ D. $\frac{42}{5}$ घंटे

Q.29 ₹7,500 की राशि पर 6% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर से 2 वर्षों में प्राप्त राशि क्या होगी, जबकि ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित किया जाता है?

Ans
- ✗ A. ₹9,253
- ✗ B. ₹8,604
- ✗ C. ₹8,994
- ✓ D. ₹8,427

Q.30 एक रेस में, एक एथलीट पहले चक्कर में 300 m की दूरी 100 सेकंड में तय करता है। वह समान लंबाई का दूसरा चक्कर 50 सेकंड में तय करता है। एथलीट की औसत चाल (m/sec में) कितनी है?

Ans
- ✗ A. 14
- ✗ B. 9
- ✗ C. 13
- ✓ D. 4

Q.31 यदि 8 ठोस गोल गेंदों जिनमें से प्रत्येक की त्रिज्या 10 cm है, को पिघलाकर एकल गोल गेंद के रूप में ढाला जाता है, तो इस प्रकार बनी नई गेंद की त्रिज्या कितनी होगी?

Ans
- ✗ A. 30 cm
- ✓ B. 20 cm
- ✗ C. 15 cm
- ✗ D. 10 cm

Q.32 9% और 6% की क्रमिक छूट, _____ एकल छूट के बराबर है।

Ans
- ✗ A. 15.62%
- ✗ B. 17.78%
- ✗ C. 15.18%
- ✓ D. 14.46%

Q.33 ईंधन की कीमत तीन लगातार महीनों में 35%, 55% और 35% कम हो जाती है, लेकिन चौथे महीने में 65% बढ़ जाती है। मूल कीमत की तुलना में चौथे महीने में ईंधन की कीमत में कितने प्रतिशत की वृद्धि/कमी हुई? (उत्तर को दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित करें।)

Ans
- ✗ A. 70.61% की वृद्धि
- ✓ B. 68.63% की कमी
- ✗ C. 65.25% की कमी
- ✗ D. 64.64% की वृद्धि

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.34** प्रेक्षणों 78, 66, 89, 55, 73, 45, 23, 46 और 29 का समांतर माध्य ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 52
- ✗ B. 48
- ✗ C. 50
- ✓ D. 56

**Q.35** यदि $8(x)^{1/2} = \sqrt{6889} + \sqrt{4761}$ हो, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 289
- ✓ B. 361
- ✗ C. 729
- ✗ D. 529

**Q.36** यदि $\sec\,\theta = \frac{17}{12}$ है, तो $\sin\,\theta$ का मान ज्ञात कीजिए। $(0^\circ < \theta < 90^\circ)$

**Ans**
- ✗ A. $\frac{\sqrt{170}}{17}$
- ✗ B. $\frac{12}{17}$
- ✗ C. $\frac{13}{17}$
- ✓ D. $\frac{\sqrt{145}}{17}$

**Q.37** दो संख्याओं का योगफल 74 है और उनका अंतर 12 है। छोटी संख्या का बड़ी संख्या से अनुपात ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 33 : 47
- ✓ B. 31 : 43
- ✗ C. 33 : 43
- ✗ D. 31 : 47

**Q.38** एक चक्रीय चतुर्भुज ABCD में, भुजाएँ AB = 10 cm, BC = 14 cm, CD = 8 cm और DA = 12 cm हैं। चतुर्भुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✓ A. 8√210 cm2
- ✗ B. 8√222 cm2
- ✗ C. 10√222 cm2
- ✗ D. 10√210 cm2

**Q.39** एक फल विक्रेता के पास ₹3,600 मूल्य के 24 kg सेब हैं। वह 12 kg सेब को 20% के लाभ पर और शेष को 10% की हानि पर बेचता है। उसकी लाभ या हानि (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. ₹360 का लाभ
- ✓ B. ₹180 का लाभ
- ✗ C. ₹180 की हानि
- ✗ D. ₹360 की हानि

**Q.40** ₹21,800 का कुल लाभ A, B और C के बीच इस प्रकार वितरित किया जाना है कि A : B = 4 : 15 और B : C = 9 : 3 हो। लाभ में B का हिस्सा (₹ में) कितना है?

**Ans**
- ✗ A. 13,675
- ✗ B. 13,575
- ✓ C. 13,625
- ✗ D. 13,525

Q.41 $\frac{(100.5)^2-(79.2)^2}{100.5+79.2}$ को हल करें।

Ans
- ✔ A. 21.3
- ✘ B. 23.5
- ✘ C. 20.2
- ✘ D. 22.4

Q.42 P और Q मिलकर एक टंकी को 15 घंटे में पानी से भर सकते हैं। यदि P अकेले टंकी को 60 घंटे में पानी से भर सकता है, तो Q अकेले उसी टंकी का एक-चौथाई भाग कितने घंटे में पानी से भरेगा?

Ans
- ✔ A. 5
- ✘ B. 10
- ✘ C. 11
- ✘ D. 6

Q.43 दो संख्याओं का योग 88 है और उनका लघुत्तम समापवर्त्य (L.C.M.) 870 है। दोनों संख्याएँ ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 28, 60
- ✘ B. 23, 65
- ✘ C. 35, 53
- ✔ D. 30, 58

Q.44 एक त्रिभुज की भुजाएँ 35 cm, 44 cm और 75 cm हैं। 44 cm लंबाई वाली भुजा के संगत इसके शीर्षलंब की लंबाई कितनी है?

Ans
- ✘ A. 14 cm
- ✘ B. 65 cm
- ✔ C. 21 cm
- ✘ D. 58 cm

Q.45 दो उम्मीदवारों के बीच हुए एक चुनाव में, दिनेश को कुल वोटों के 46.5% वोट मिले और वह रिजवान से 3150 वोटों के अंतर से हार गया। यदि डाले गए सभी वोट वैध थे, तो रिजवान को कितने वोट मिले?

Ans
- ✘ A. 20,925
- ✔ B. 24,075
- ✘ C. 25,050
- ✘ D. 25,925

Q.46 दूध की कीमत में 20% की वृद्धि हुई। दूध पर मासिक खर्च समान बनाए रखने के लिए खपत में कितने प्रतिशत की कमी करनी होगी?

Ans
- ✘ A. $16\frac{1}{3}\%$
- ✔ B. $16\frac{2}{3}\%$
- ✘ C. $16\frac{4}{7}\%$
- ✘ D. $16\frac{2}{7}\%$

Q.47 दिए गए विकल्पों में से किस विकल्प में वे दो अभाज्य संख्याएँ हैं जिनका गुणनफल 30 से छोटी सबसे बड़ी सम संख्या है?

Ans
- ✔ A. 2 और 13
- ✘ B. 3 और 11
- ✘ C. 3 और 7
- ✘ D. 2 और 5

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.48** एक क्रिकेटर का 6 पारियों में औसत स्कोर 90 रन है। 7वीं पारी में, उसने 157 रन बनाए। उसके औसत स्कोर में _______ रन की वृद्धि हुई। (उत्तर को निकटतम पूर्णांक तक पूर्णांकित करें।)

**Ans**
- ✗ A. 8
- ✗ B. 19
- ✓ C. 10
- ✗ D. 20

**Q.49** दो बहनों की वर्तमान आयु का योग 67 वर्ष है। अब से पाँच वर्ष पहले, बड़ी बहन की आयु छोटी बहन की आयु की दोगुनी थी। बड़ी बहन की वर्तमान आयु ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 27 वर्ष
- ✗ B. 40 वर्ष
- ✓ C. 43 वर्ष
- ✗ D. 24 वर्ष

**Q.50** एक आदमी 10 मिनट में 430 m, 11 मिनट में 470 m और 17 मिनट में 620 m चलता है। तो, पूरी यात्रा के लिए उसकी औसत चाल (m/मिनट में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 44
- ✓ B. 40
- ✗ C. 78
- ✗ D. 55

## Section : General Intelligence and Reasoning

**Q.51** A, B, C, D, E, F और G एक गोल मेज के परित:, केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
E और C दोनों का निकटतम पड़ोसी F है। E, G के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। A, G के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। A और B दोनों का निकटतम पड़ोसी G है। D, C के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है।
यदि सभी व्यक्तियों को A (A सहित) से प्रारंभ करते हुए, अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में दक्षिणावर्त दिशा में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने व्यक्तियों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

**Ans**
- ✗ A. तीन
- ✗ B. एक
- ✓ C. चार
- ✗ D. दो

**Q.52** निम्नलिखित संख्या शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। (सभी संख्याएं केवल एकल अंकीय संख्याएं हैं)।

(बाएं) 6 9 8 4 7 1 3 2 5 9 4 8 6 7 1 3 2 5 9 4 8 6 (दाएं)

इस शृंखला में कितने अद्वितीय अंक 4 के गुणज हैं (प्रत्येक अंक को केवल एक बार गिना जाता है, चाहे वह कितनी भी बार दोहराया गया हो)?

**Ans**
- ✓ A. दो
- ✗ B. एक
- ✗ C. चार
- ✗ D. तीन

**Q.53** अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम के आधार पर DQXG एक निश्चित तरीके से YUUI से संबंधित है। इसी प्रकार, GLQC, BPNE से संबंधित है। इसी तर्क के आधार पर, TKWD दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

**Ans**
- ✓ A. OOTF
- ✗ B. POTF
- ✗ C. PPSE
- ✗ D. OPSE

Q.54 विजया अपनी कक्षा में ऊपर से 7वें और नीचे से 13वें स्थान पर है। कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?

Ans
- ✗ A. 18
- ✓ B. 19
- ✗ C. 20
- ✗ D. 21

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.55 उस युग्म का चयन कीजिए, जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

TUG : QYD
NCA : KGX

Ans
- ✗ A. PNC : LQY
- ✓ B. HKU : EOR
- ✗ C. BHQ : GDV
- ✗ D. UKW : WGY

Q.56 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई शृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

YVW 58 VST 69 SPQ 80 PMN 91 ?

Ans
- ✗ A. MKJ 102
- ✗ B. MIJ 101
- ✓ C. MJK 102
- ✗ D. MRX 101

Q.57 किसी निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',
A - B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A x B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और
A & B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'T + O x R - N & M' है, तो T का M से क्या संबंध है?

Ans
- ✓ A. पिता के भाई का पुत्र
- ✗ B. भाई
- ✗ C. पिता
- ✗ D. पिता का भाई

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.58 शहर X, शहर Y के उत्तर में है। शहर Z, शहर Y के पश्चिम में है। शहर W, शहर X के पूर्व में है। शहर Z, शहर V के उत्तर में है। शहर Z के संबंध में शहर W की स्थिति क्या है?

Ans
- ✗ A. पूर्व
- ✗ B. पश्चिम
- ✗ C. दक्षिण पूर्व
- ✓ D. उत्तर पूर्व

Q.59 सात व्यक्ति, A, B, C, D, E, F और G, एक पंक्ति में, उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। C बाएं छोर से दूसरे स्थान पर बैठा है। B के दाईं ओर तीसरे स्थान पर F है। C के बाईं ओर तथा किसी एक छोर पर G बैठा है। G और B के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। D और F के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। F का पड़ोसी E नहीं है। दाएं छोर से दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
- ✗ A. B
- ✗ B. D
- ✓ C. A
- ✗ D. E

Q.60 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'ROUT' को '1625' और 'AUTO' को '1546' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उस भाषा में 'A' के लिए कूट क्या होगा?

Ans
- ✗ A. 6
- ✗ B. 1
- ✗ C. 5
- ✓ D. 4

Q.61 उस सेट का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार संबंधित हैं जैसे कि निम्नलिखित सेटों की संख्याएं संबंधित हैं।

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि केवल 13 पर की जा सकती है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(4, 7, 784)
(6, 3, 324)

Ans
- ✗ A. (4, 6, 676)
- ✗ B. (4, 5, 380)
- ✗ C. (9, 3, 629)
- ✓ D. (5, 6, 900)

Q.62 अरमान बिंदु A से चलना शुरू करता है और दक्षिण की ओर 32 km गाड़ी चलाता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, 37 km गाड़ी चलाता है, फिर बाएं मुड़ता है और 35 km गाड़ी चलाता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 38 km गाड़ी चलाता है। वह अंत में बाएं मुड़ता है, 3 km गाड़ी चलाता है और बिंदु P पर रुकता है। बिंदु A पर दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में गाड़ी चलानी चाहिए? (सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के हैं, जब तक कि निर्दिष्ट न किया गया हो।)

Ans
- ✗ A. पश्चिम में 4 km
- ✗ B. पूर्व में 2 km
- ✗ C. पश्चिम में 3 km
- ✓ D. पूर्व में 1 km

Q.63 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. GCW
- ✗ B. RNH
- ✓ C. IFY
- ✗ D. ZVP

Q.64 एक कक्षा के सभी 30 विद्यार्थी उत्तर दिशा के अभिमुख एक पंक्ति में खड़े हैं। मीरा बाएं छोर से दसवें स्थान पर है, जबकि अर्जुन दाएँ छोर से उन्नीसवें स्थान पर है। मीरा और अर्जुन के बीच कितने व्यक्ति खड़े हैं?

Ans
- ✓ A. 1
- ✗ B. 0
- ✗ C. 3
- ✗ D. 2

Prepp
Your Personal Exams Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.65 निम्नलिखित श्रृंखला का संदर्भ लें और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दें (सभी संख्याएँ केवल एक अंकीय संख्याएँ हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) 1 3 1 4 1 5 1 6 1 7 1 8 1 8 1 1 1 2 2 2 2 6 6 6 4 4 4 3 3 (दाएं)

ऐसे कितने विषम अंक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम अंक है तथा ठीक बाद भी एक विषम अंक है?

Ans
- ✗ A. छह
- ✗ B. तीन
- ✓ C. चार
- ✗ D. पाँच

Q.66 सात व्यक्ति, A, B, C, D, E, F और G, एक पंक्ति में, उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। C के बाईं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। C और G के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। C के दाईं ओर दूसरे स्थान पर B बैठा है। B और A के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। E, F के दाईं ओर किसी स्थान पर लेकिन D के बाईं ओर किसी स्थान पर बैठा है।
C के दाईं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ A. 2
- ✗ B. 5
- ✓ C. 4
- ✗ D. 3

Q.67 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

8 B 2 D 15 C 25 A 5 = ?

Ans
- ✓ A. 6
- ✗ B. 22
- ✗ C. 17
- ✗ D. 12

Q.68 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी टोपी, हैट हैं।
सभी टोपी, स्कार्फ हैं।
कुछ स्कार्फ, मफलर हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ मफलर, टोपी हैं।
(II) कुछ स्कार्फ, हैट हैं।

Ans
- ✗ A. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
- ✗ B. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
- ✗ C. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
- ✓ D. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

Q.69 यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।
(बाएं) 627 543 658 719 482 (दाएं)
(उदाहरण: 697 - पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जानी हैं।)

यदि सबसे बड़ी संख्या के तीसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के दूसरे अंक से गुणा किया जाए, तो परिणाम कितना होगा?

Ans
- ✓ A. 72
- ✗ B. 73
- ✗ C. 70

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.70 निम्नलिखित संख्या श्रृंखला को देखें और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दें (सभी संख्याएँ केवल एक अंकीय संख्याएँ हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं करनी है।

(बाएं) 7 4 1 2 4 9 7 5 3 6 1 5 2 7 4 5 8 3 9 6 5 7 3 9 1 4 2 (दाएं)

ऐसी कितनी सम संख्याएँ हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या और ठीक बाद एक सम संख्या है?

Ans
- ✗ A. एक
- ✓ B. दो
- ✗ C. तीन
- ✗ D. एक भी नहीं

Q.71 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. RUW
- ✗ B. YBD
- ✓ C. CGH
- ✗ D. JMO

Q.72 एक निश्चित कूट भाषा में, 'please go on' को 'js tk mj' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'go there please' को 'js yn tk' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उस भाषा में 'on' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा?

Ans
- ✗ A. yn
- ✗ B. js
- ✗ C. tk
- ✓ D. mj

Q.73 संख्या 1785643 के प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं बढ़ते क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएं से तीसरे और दाएं से तीसरे अंक का योग क्या होगा?

Ans
- ✗ A. 12
- ✗ B. 14
- ✓ C. 10
- ✗ D. 6

Q.74 दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

40 47 55 64 74 ?

Ans
- ✗ A. 81
- ✗ B. 87
- ✗ C. 78
- ✓ D. 85

Q.75 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, XBNO का संबंध एक निश्चित तरीके से UYKL से है। इसी प्रकार, PAQJ का संबंध MXNG से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, FWOM का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

Ans
- ✓ A. CTLJ
- ✗ B. BSKI
- ✗ C. GXPN
- ✗ D. DUMK

Q.76 यदि 'P' का अर्थ '×' है, 'Q' का अर्थ '÷' है, 'R' का अर्थ '−' है और 'S' का अर्थ '+' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

(20 Q 4) P 7 S 5 P 9 R (40 Q 8) P 4 = ?

Ans
✔ A. 60
✘ B. 75
✘ C. 92
✘ D. 35

Q.77 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते है/हैं।

कथन :
कोई भी स्टंप, गेंद नहीं है.
कुछ गेंदें, विकेट हैं।

निष्कर्षः
(I) कोई भी गेंद, स्टंप नहीं है।
(II) कोई भी विकेट, गेंद नहीं है।

Ans
✔ A. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
✘ B. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
✘ C. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
✘ D. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।

Q.78 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

LIM VSW FCG PMQ ?

Ans
✔ A. ZWA
✘ B. ZWE
✘ C. ZEW
✘ D. ZAW

Q.79 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

2 3 ? 38 102 227

Ans
✘ A. 21
✘ B. 26
✘ C. 14
✔ D. 11

Q.80 दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

18 24 12 30 ? 36

Ans
✘ A. 8
✘ B. 10
✔ C. 6
✘ D. 4

Section : **General Awareness and Current Affairs**

Q.81 लार्सन एंड टुब्रो (L&T) ने भारतीय नौसेना का दूसरा बहु-उद्देशीय पोत (MPV) कब लॉन्च किया?

Ans
✘ A. सितंबर 2024
✔ B. जनवरी 2025
✘ C. दिसंबर 2024
✘ D. मार्च 2025

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.82 किस पैरा-तीरंदाज ने 2025 में पद्म श्री से सम्मानित होने वाली अपनी विधा में प्रथम बनकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की?

Ans
- ✗ A. विवेक चिकारा
- ✓ B. हरविंदर सिंह
- ✗ C. ज्योति बालियान
- ✗ D. राकेश कुमार

Q.83 निम्नलिखित में से किस मंत्रालय ने अप्रैल 2025 में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (RRB) की परिचालन दक्षता में सुधार हेतु 'एक राज्य, एक RRB' नीति के तहत RRB के विलय के चौथे चरण की घोषणा की थी?

Ans
- ✗ A. कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय
- ✗ B. ग्रामीण विकास मंत्रालय
- ✓ C. वित्त मंत्रालय
- ✗ D. गृह मंत्रालय

Q.84 महाराष्ट्र सरकार ने सितंबर 2025 में टियर-2 और टियर-3 शहरों में रोजगार उत्पन्न करने और कुशल नौकरी के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए निम्नलिखित में से किस पहल को मंजूरी दी?

Ans
- ✓ A. राज्य में केंद्रों का विस्तार करने के लिए ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (Global Capability Center) नीति
- ✗ B. उद्यमों में अनिवार्य स्थानीय रोजगार आरक्षण (Mandatory Local Employment Reservation) ढांचा
- ✗ C. नौकरी चाहने वालों के लिए निःशुल्क शहरी परिवहन सहायता योजना (Free Urban Transit Support Scheme)
- ✗ D. अकुशल श्रमिकों के लिए टार्गेटेड वेज सब्सिडी प्रोग्राम (Targeted Wage Subsidy Programme)

Q.85 जुलाई 2025 में, DRDO ने निम्नलिखित में से किस स्थान पर प्रलय मिसाइल के लगातार दो सफल उड़ान परीक्षण किए?

Ans
- ✓ A. डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप
- ✗ B. बालासोर
- ✗ C. चांदीपुर
- ✗ D. पोखरण

Q.86 अक्टूबर 2024 में, गृह मंत्रालय द्वारा किस भारतीय अभिनेत्री को साइबर सुरक्षा के लिए नेशनल एम्बेसडर नामित किया गया?

Ans
- ✗ A. आलिया भट्ट
- ✗ B. सारा अली खान
- ✗ C. जान्हवी कपूर
- ✓ D. रश्मिका मंदाना

Q.87 मार्च 2025 में, नई दिल्ली में 'पर्यावरण - 2025' से संबंधित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किसने किया?

Ans
- ✗ A. भारत के उपराष्ट्रपति
- ✗ B. भारत के प्रधानमंत्री
- ✗ C. लोकसभा अध्यक्ष
- ✓ D. भारत के राष्ट्रपति

Q.88 निम्नलिखित में से किस राज्य में नवंबर 2025 में NDA गठबंधन के नेतृत्व वाली नवनिर्वाचित सरकार ने शपथ ली?

Ans
- ✗ A. झारखंड
- ✓ B. बिहार
- ✗ C. असम
- ✗ D. उत्तर प्रदेश

Q.89 आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 में दीर्घकालिक विकास के लिए किस प्रमुख सुधार पर जोर दिया गया?

Ans
- ✗ A. सार्वजनिक क्षेत्र का विस्तार
- ✗ B. बैंकों का राष्ट्रीयकरण
- ✓ C. व्यवस्थागत विविनियमन
- ✗ D. मूल्य नियंत्रण व्यवस्था

Q.90 मई 2025 में, केंद्र सरकार की निम्नलिखित में से किस नोडल एजेंसी ने भारत के जलवायु वित्त वर्गीकरण के मसौदा ढांचे पर सार्वजनिक टिप्पणियाँ आमंत्रित कीं?

Ans
- ✗ A. नीति आयोग सचिवालय (NITI Aayog Secretariat)
- ✗ B. वित्तीय सेवा विभाग (Department of Financial Services)
- ✗ C. राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (National Statistical Office)
- ✓ D. आर्थिक मामलों का विभाग (Department of Economic Affairs)

Q.91 भारत ने 2025 में किस तिथि को विश्व तंबाकू निषेध दिवस (World No Tobacco Day) मनाया?

Ans
- ✗ A. 3 मई
- ✗ B. 5 मई
- ✓ C. 31 मई
- ✗ D. 17 मई

Q.92 किस शिखर सम्मेलन में भारत के NSA अजीत डोभाल ने जून 2025 में एकीकृत आतंकवाद विरोधी रुख पर जोर दिया?

Ans
- ✗ A. ब्रुसेल्स में EU शिखर सम्मेलन
- ✓ B. चीन में SCO शिखर सम्मेलन
- ✗ C. जकार्ता में ASEAN शिखर सम्मेलन
- ✗ D. नई दिल्ली में G20 शिखर सम्मेलन

Q.93 2025 में ATP मास्टर्स 1000 प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज पुरुष खिलाड़ी कौन बने?

Ans
- ✗ A. राफेल नडाल
- ✗ B. रोजर फेडरर
- ✗ C. एंडी मर्रे
- ✓ D. नोवाक जोकोविच

Q.94 किस भारतीय शहर की सरकार ने गंभीर वायु प्रदूषण से निपटने के लिए अक्टूबर 2025 में पहला क्लाउड सीडिंग फ्लाइट ट्रायल किया?

Ans
- ✗ A. मुंबई
- ✓ B. दिल्ली
- ✗ C. जयपुर
- ✗ D. लखनऊ

Q.95 मई 2025 में अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ पुरस्कार 2025 में किसे मेन्स प्लेयर ऑफ द ईयर के रूप में नामित किया गया था?

Ans
- ✗ A. खालिद जमील
- ✗ B. विशाल कैथ
- ✓ C. सुभाशीष बोस
- ✗ D. ब्रिसन फर्नांडीस

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.96 7 और 8 जून 2025 को ताइपे में आयोजित ताइवान एथलेटिक्स ओपन में भारत ने कुल कितने पदक जीते?

Ans
✔ A. 16
✗ B. 14
✗ C. 12
✗ D. 10

Q.97 (महिला सुरक्षा पर राष्ट्रीय वार्षिक रिपोर्ट एवं सूचकांक) NARI 2025 के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-से शहर महिलाओं के लिए सबसे सुरक्षित थे?

Ans
✗ A. दिल्ली, पटना, इंदौर
✗ B. लखनऊ, जयपुर, दिल्ली
✗ C. रांची, श्रीनगर, कोलकाता
✔ D. कोहिमा, विशाखापट्टनम, भुवनेश्वर

Q.98 नवंबर 2025 में आयोजित COP30 के दौरान, शब्द कान्फ्रेंस ऑफ द पार्टीज (COP) का तात्पर्य किस संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन के अंतर्गत पार्टियों की बैठक से है?

Ans
✗ A. भ्रष्टाचार के विरुद्ध संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन (United Nations Convention Against Corruption)
✔ B. जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (United Nations Framework Convention on Climate Change)
✗ C. वन्य जीवों और वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर कन्वेंशन (Convention on International Trade in Endangered Species of Wild Fauna and Flora)
✗ D. जैविक विविधता पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन (United Nations Convention on Biological Diversity)

Q.99 अप्रैल 2025 में 75.56 m का विश्व रिकॉर्ड स्थापित करते हुए, पुरुषों की डिस्कस थ्रो (चक्का फेंक) स्पर्धा में 75 m से अधिक फेंकने वाले पहले एथलीट कौन बने?

Ans
✔ A. मायकोलास अलेक्ना (Mykolas Alekna)
✗ B. सैम मैटिस (Sam Mattis)
✗ C. वर्जिलिजस अलेक्ना (Virgilijus Alekna)
✗ D. मैथ्यू डेनी (Matthew Denny)

Q.100 मानव विकास सूचकांक (HDI) 2025 के अनुसार, भारत को कौन-सा स्थान प्राप्त हुआ?

Ans
✗ A. 90वां
✔ B. 130वां
✗ C. 110वां
✗ D. 150वां

Prepp Your Personal Exam Guide